# पार्वती तिर्की को साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार

नई दिल्ली, 18 जून (नवोदय टाइम्स): झारखंड के कुड़ुख आदिवासी समुदाय से आने वाली कवि पार्वती तिर्की को उनके कविता-संग्रह 'फिर उगना' के लिए साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया जाएगा।



**पार्वती की विशेष अभिरुचि कविता, कहानी और लोकगीतों में है**

'फिर उगना' पार्वती तिर्की की पहली काव्य-कृति है, जो वर्ष 2023 में राधाकृष्ण प्रकाशन से प्रकाशित हुई थी। राजकमल प्रकाशन समूह के अध्यक्ष अशोक महेश्वरी ने कहा, पार्वती तिर्की का लेखन यह साबित करता है कि परम्परा और आधुनिकता एक साथ कविता में जी सकती हैं। पार्वती की विशेष अभिरुचि कविता, कहानी और लोकगीतों में है।